LEAP
LEARNING EXCELLENCE IN ANDHRA PRADESH

समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha
సమగ్ర శిక్ష

*Mission March 2027*

మన భవిష్యత్తు మన లక్ష్యం
100% విజయం!

# Mission *March*

# SSC 2027

## (A LEAP towards 100% Success)



**Action Plan** | **PHASE-I**

13th July to
30th November-2026

*One Goal...*
*One Team...*
*100% Success!*

## Subject: HINDI

### OUR COMMITMENT FOR EXCELLENCE

**FOCUSED LEARNING**
Strengthening concepts through regular practice and revision.

**SMART PLANNING**
Structured study plan, clear goals and consistent progress.

**STRONG SUPPORT**
Guidance from teachers, mentors and parents at every step.

**REGULAR ASSESSMENT**
Frequent tests and feedback to track performance and improve continuously.

*Dream Big...*
*Work Smart...*
*Achieve 100%!*

**TOGETHER, WE WILL MAKE EVERY STUDENT A SUCCESS STORY!**

# ప్రస్థావన

**ప్రియమైన విద్యార్థిని-విద్యార్థులారా, తల్లిదండ్రులారా, ఉపాధ్యాయులారా !**

2026-27 విద్యా సంవత్సరం ప్రారంభం నుండే 10 తరగతి విద్యార్థులకు జూలై 13 నుండి నవంబర్ 30 వరకు (4 pm - 5 pm) మీ యొక్క తరగతి గది సన్నద్ధతకు ప్రోత్సాహకంగా పబ్లిక్ పరీక్షల కోణంలో ముఖ్యమైన ప్రశ్నలనిధిని అందుబాటులోకి తేవడం జరిగింది. దానితోపాటు తేదీలవారీగా, సబ్జెక్ట్‌లవారీగా లఘుపరీక్షలతో కూడిన ప్రశ్నాపత్రాలతో కూడి Mission March SSC-2027 Action Plan Phase-Iను రూపొందించడం జరిగింది. దీని ద్వారా ఆయా సబ్జెక్టుల్లో పాఠ్యాంశాలవారీగా పబ్లిక్ పరీక్షలో ప్రశ్నలు అడిగేవిధానంపై అవగాహన కల్పించవచ్చు.

ఈ ప్రశ్నలనిధిని కేవలం ప్రశ్నల సంకలనంగా కాకుండా, ప్రతి విద్యార్థి తమ సామర్థ్యస్థాయికి అనుగుణంగా ప్రణాళికాబద్ధంగా చదువుకోవడానికి వీలుగా ఒక అవగాహన అభ్యాస సాధనంగా రూపొందించాం.

**మార్గదర్శకాలు :**

1. ప్రధానోపాధ్యాయులు మరియు ఉపాధ్యాయులందరూ ప్రణాళిక / షెడ్యూల్ / ప్రశ్నలనిధి / స్లిప్ టెస్టులు, మరియు ప్రణాళికలో పేర్కొన్న ఇతర కార్యక్రమాలను ఎలాంటి మార్పు లేకుండా ఖచ్చితంగా పాటించాలి.
2. ఉపాధ్యాయులు, లెవల్-1కి సిద్ధంగా చేసిన ప్రశ్నలు అందరు విద్యార్థులు ముఖ్యముగా C & D గ్రేడ్ విద్యార్థులు వారితోపాటు A & B గ్రేడ్ విద్యార్థులు నేర్చుకోవడం / అభ్యసించడం జరిగేలా చూడాలి. లెవల్-2కి సిద్ధం చేసిన ప్రశ్నలకు A & B విద్యార్థులు అభ్యసించేలా చూడాలి. C & D గ్రేడ్ విద్యార్థులు కూడా లెవల్-1 ప్రశ్నలను అభ్యసించిన తరువాత సామర్థ్యాలను బట్టి లెవల్-1 (Rising Stars) మరియు లెవల్-2 (Shining Stars) విద్యార్థుల కోసం రూపొందించిన ప్రశ్నల నిధి, సబ్జెక్టును బట్టి 10 నుండి 15 మెడల్ స్లిప్ టెస్టుల సాఫ్ట్ కాపీలు LEAP యాప్ మరియు bse.ap.gov.in నుండి డౌన్లోడ్ చేసుకోవచ్చు.
4. ప్రతి పాఠ్యాంశంపై బ్లూప్రింట్‌కు అనుగుణంగా లఘు ప్రశ్నాపత్రాలు సాధన కోసం ఇవ్వబడ్డాయి. వీటిని ఉపాధ్యాయులందరూ విద్యార్థులతో సాధన చేయించి రాసే విధంగా చూడడం లేదా సిలబస్ ఆధారంగా మీరే లెవల్-1 (Rising Stars), లెవల్-2 (Shining Stars) కి విడివిడిగా ప్రశ్నాపత్రాలలాను తయారుచేసుకుని పరీక్షలు నిర్వహించుకోవచ్చు. ఆ స్వేచ్ఛను ఉపాధ్యాయులకు ఇవ్వబడినదని గమనించగలరు.
5. ఉపాధ్యాయులు ఈ ప్రణాళికను బోధనలో ఒక మార్గదర్శిగా ఉపయోగించుకొని, విద్యార్థులను ప్రోత్సహిస్తూ మార్గనిర్దేశనం చేయగలరు.
6. ఈ క్వశ్చన్‌బ్యాంక్ ద్వారా సమయాన్ని సమర్థవంతంగా వినియోగించుకొని, పరీక్షల్లో అద్భుతమైన ఫలితాలను సాధిస్తారని మేము మనస్ఫూర్తిగా ఆశిస్తున్నాము.
7. ఈ పుస్తకంలోని ప్రశ్నలు 2027 పబ్లిక్ పరీక్షలలో వస్తాయని ఎవరూ నిర్ధారించడం లేదు. విద్యార్థులు పబ్లిక్ పరీక్షలకు సమాయత్తమవడానికి మరియు ఉత్తమ ఫలితాలు సాధించే క్రమములో ప్రశ్నలనిధి / లఘు ప్రశ్నాపత్రాలు సహాయకారిగా ఖచ్చితంగా ఉపయోగపడగలదని తెలియజేస్తున్నాము.

**శుభాకాంక్షలతో ...**

**బోర్డ్ ఆఫ్ సెకండరీ ఎడ్యుకేషన్**
**పాఠశాల విద్యాశాఖ**
**ఆంధ్రప్రదేశ్ ప్రభుత్వం**

# INDEX

# HINDI (S/L) TELUGU


| | |
|---|---|
| **Schedules** | **3** |
| **Question Bank** | **5-34** |
| **Slip Tests** | **35-62** |

# SCHEDULES

## Mission March SSC-2027 Action Plan Phase-I

### SCHEDULE for HINDI

| Slip Test | Date | Day | SYLLABUS |
|---|---|---|---|
| 1 | 25-07-26 | Saturday | 1. बरसते बादल |
| 2 | 01-08-26 | Saturday | 2. ईदगाह |
| 3 | 29-08-26 | Saturday | 3. हम भारत वासी, शांति की राह में(उप वाचक) |
| 4 | 05-09-26 | Saturday | 4.कण कण का अधिकारी |
| 5 | 26-09-26 | Saturday | 5.लोकगीत |
| 6 | 03-10-26 | Saturday | 6. अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हिंदी, दो कलाकार(उप वाचक |
| 7 | 31-10-26 | Saturday | 7.भक्तिपद, अपने स्कूल को एक उपहार(उप वाचक |
| 8 | 02-11-26 | Monday | 8. स्वराज्य की नींव, 10.नीतिदोहे |
| | The Day Before S.A.-1 Hindi Exam | | S.A.-1 Syllabus |
| 9 | 28-11-26 | Saturday | 9.दक्षिणी गंगा गोदावरी, 10.जल ही जीवन है |

# QUESTION BANK

# HINDI (SL) - QUESTION BANK
# MISSION MARCH SSC-2027 ACTION PLAN PHASE-I

## 1. बरसते बादल

[8M + 5M + 4M + 1M]

LEVEL-1 : RISING STAR

### 8 Marks Questions :

1. 'बरसते बादल' कविता में प्रकृति का सुंदर चित्रण है । उसे अपने शब्दों में लिखिए ।
2. सुमित्रानंदन पंत प्रकृति सौंदर्य चित्रण में बेजोड़ कवि है । 'बरसते बादल' कविता में प्रकृति का सुंदर चित्रण है । उसे अपने शब्दों में लिखिए ।

### 5 Marks Questions:

**1. निम्नलिखित पद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देश के अनुसार लिखिए ।** 5 M

झम-झम-झम-झम मेघ बरसते हैं सावन के,
छम-छम-छम गिरती बूंदें तरुओं से छन के।
चम-चम-बिजली चमक रही रे उर में घन के,
थम-थम दिन के तम में सपने जगते मन के ।।

**प्रश्न :**

अ) मेघ किस ऋतु में झम-झम बरसते हैं? 2 M

आ) दिन के तम में मन में क्या जगते हैं ? 1 M

A) बिजली B) सपने C) नींद D) घन

इ) तरुओं से छनकर क्या गिरते हैं ? 1 M

A) मेघ B) चम-चम C) बिजली D) बूंदें

ई) उपर्युक्त पद्यांश के कवि कौन हैं ? 1 M

A) प्रेमचंद B) दिनकर C) आर.पी.निशंक D) सुमित्रानंदन पंत

### 4 Marks Question :

1. वर्षा सभी प्राणियों के लिए जीवन का आधार है, कैसे ?

### 1 Mark Questions:

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए ।**

1. <u>सावन</u> के मेघ झम-झम बरसते हैं । (रेखांकित शब्द का तत्सम रूप विकल्पों में से पहचान कर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| श्रावण | श्रवण | श्रावणा |

2. दिन के तम में सपने जगते हैं । (रेखांकित शब्द का तत्सम रूप विकल्पों में से पहचान कर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| तम | स्वप्न | गरम |

3. वृक्षों पर अजीव हरियाली छा गई। (रेखांकित शब्द का तद्भव रूप विकल्पों में से पहचान कर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| वृक्ष | बिरछ | पेड़ |

4. वर्षा से पेड़ - पौधें झूम उठते हैं । (वाक्य में क्रिया शब्द विकल्पों में से पहचान कर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| पेड़ - पौधें | वर्षा | झूम उठना |

5. उन्नीस सौ (हिंदी अक्षरों को पढ़कर संख्याओं को विकल्पों में से पहचान कर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| 900 | 1900 | 990 |

6. सभी प्राणी खुशी .......... झूमने लगते हैं । (सही कारक चिह्न विकल्पों में से पहचान लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| का | से | की |

7. मेघों के मन में बिजली चम-चम चमकने लगती है । (रेखांकित शब्द का पर्याय विकल्पों में से पहचान कर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| दामिनी | मेघ | चम - चम |

8. सावन मास में आकाश में काले बादल छा चाते हैं । (रेखांकित शब्द का विलोम शब्द विकल्पों में से पहचान कर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| हरा | सफ़ेद | नीला |

9. आसमान बादलों से भरा है । (रेखांकित शब्द का विलोम शब्द विकल्पों में से पहचान कर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| गगन | मेघ | ज़मीन |

10. पेड़-पौधे हरे-भरे होते हैं । (रेखांकित शब्द का समास विकल्पों में से पहचान कर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| अव्ययीभाव समास | तत्पुरुष समास | द्वंद्व समास |

11. कितना मनोहर कितना सुहावना प्रभात है । (रेखांकित शब्द का संधि विच्छेद विकल्पों में से पहचान कर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| मनः + हर | मन + हर | मनो + हर |

LEVEL-2 : SHINING STAR

## 8 Marks Questions:

1. कवि पंत जी के अनुसार वर्षा ऋतु में प्रकृति की शोभा कैसी होती है ?
2. ऋत बदलते ही प्रकृति में परिवर्तन होते हैं । सावन की शोभा को कवि पंतजी ने किस प्रकार वर्णन किया । अपने शब्दों में लिखिए ।

## 5 Marks Question :

**1. निम्नलिखित पद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देश के अनुसार लिखिए ।** 5 M

रिमझिम-रिमझिम क्या कुछ कहते बूँदों के स्वर,
रोम सिहर उठते छूते वे भीतर अंतर ।
धाराओं पर धाराएँ झरती धरती पर,
रज के कण-कण में तृण-तृण पुलकावली थर ॥

**प्रश्न :**

अ) बूँदों के स्वर कैसे सुनाई देते हैं ? 2 M

आ) बूँदें कहाँ गिर रही हैं ? 1 M

A) पहाड़ों पर B) आकाश में C) धरती पर D) नदियों में

इ) धाराओं पर धाराएँ कहाँ झरती हैं ? 1 M

A) सड़क पर B) पर्वत पर C) आसमान पर D) धरती पर

ई) उपर्युक्त पद्यांश के कवि कौन हैं ? 1 M

A) आर.पी.निशंक B) सुमित्रानंदर पंत C) दिनकर D) प्रेमचंद

## 4 Marks Questions :

1. वर्षा ऋतु के प्राकृतिक सौंन्दर्य पर अपने विचार लिखिए ।
2. कवि परिचय का अभ्यास करवाइए ।

# 2. ईदगाह

**[8M + 5M + 4M + 1M]**

LEVEL-1 : RISING STAR

## 8 Marks Question :

1. 'ईदगाह' कहानी का सारांश अपने शब्दों में लिखिए ।

## 5 Marks Question :

**1. निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देश के अनुसार लिखिए ।** 5 M

नमाज पूरी होते ही सब बच्चे मिठाई और खिलौने की दुकानों पर धावा बोल देते हैं । हामिद दूर खड़ा है । उसके पास केवल तीन पैसे हैं । मोहसिन भिश्ती खरीदता है, महमूद सिपाही, नूरे वकील और शम्मी धोबिन । हामिद खिलौनों को ललचाई आँखों से देखता है ।

**प्रश्न :**

अ) सब बच्चे किन पर धावा बोल देते हैं ? 2 M

आ) हामिद के पास कितने पैसे हैं ? 1 M

A) 15 B) 10 C) 12 D) 03

इ) महमूद क्या खरीदता है ? 1 M

A) भिश्ती B) सिपाही C) वकील D) धोबिन

ई) खिलौनों को ललचाई आँखों से कौन देखता है ? 1 M

A) मोहसिन B) हामिद C) नूर D) महमूद

## 4 Marks Question :

1. हामिद चिमटा क्यों खरीदना चाहता है ?

## 1 Mark Questions:

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए ।**

1. आज का <u>सूर्य</u> कितना प्यारा कितना शीतल है । (रेखांकित शब्द का तद्भव रूप विकल्पों में से पहचान कर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| सूरया | दिनकर | सूरज |

2. हामिद अमीना की गोदी में सोता है । (वाक्य मे क्रिया शब्द विकल्पों में से पहचान कर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| सोता है | गोदी | अमीना |

3. अठ्ठारह सो अस्सी (हिंदी अक्षरों को पढ़कर संख्याओं को विकल्पों में से पहचान कर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| 1890 | 1870 | 1880 |

4. गाँव ............ मैला चला । (वाक्य में सही कारक चिह्न को विकल्पों में से पहचान कर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| ने | पर | से |

5. सूर्य <u>संसार</u> को ईद की बधाई दे रहा है । (रेखांकित शब्द का सही पर्याय विकल्पों में से पहचान कर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| खुश | त्योहार | दुनिया |

6. लड़के सबसे ज्यादा प्रसन्न हैं । (वाक्य में रेखांकित शब्द का विलोम शब्द विकल्पों में से पहचान कर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| अप्रसन्न | निअप्रसन्न | अनप्रसन्न |

7. हामिद दुबला - पतला लड़का था । (वाक्य में रेखांकित शब्द का समास विकल्पों में से पहचान कर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| द्वंद्व समास | द्विगु समास | तत्पुरुष समास |

8. सूर्योदय के पहले उठना स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है । (वाक्य में रेखांकित शब्द का संधि विच्छेद विकल्पों में से पहचान कर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| सूर + उदय | सूर्य + उदय | सूरा + दय |

**LEVEL-2 : SHINING STAR**

## 8 Marks Questions :

1. हामिद और अमीना के बीच मार्मिक प्रेम को ईदगाह कहानी के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।
2. ईदगाह कहानी के द्वारा हामिद के स्वभाव के बारे में अपने विचार प्रस्तुत कीजिए ।

## 5 Marks Question :

**1. निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देश के अनुसार लिखिए ।** 5 M

मिठाइयों के बाद लोहे की चीज़ों की दुकानें आती हैं । कई चिमटे रखे हुए थे । हामिद को ख्याल आता है, दादी के पास चिमटा नहीं है । तवे से रोटियाँ उतारती हैं तो हाथ जल जाते हैं, अगर चिमटा ले जाकर दादी को दे दें, तो वह कितनी प्रसन्न होंगी ।

**प्रश्न :**

अ) हामिद को क्या ख्याल आता है ? 2 M

आ) दादी के पास क्या नहीं है ? 1 M

A) कपडे B) गहने C) फोन D) चिमटा

इ) चिमटे कहाँ रखे हुए थे । 1 M

A) लोहे की दुकानों में B) मिठाइयों की दुकानों में

C) वस्त्र की दुकानों में D) चाय की दुकानों में

ई) तवे से रोटियाँ कौन उतारती हैं ? 1 M

A) मस्तानी B) हसीना C) अमीना D) महमूद

**4 Marks Questions:**

1. हामिद के खुशी का क्या कारण है ?
2. हामिद का स्वभाव कैसा है ?
3. लेखक परिचय का अभ्यास करवाइए ।

## 3. हम भारतवासी

**[8M + 5M + 4M + 1M]**

**LEVEL-1 : RISING STAR**

**8 Marks Question :**

1. ‘हम भारतवासी’ कविता में देश भक्ति, विश्वबंधुत्व और मानवीय मूल्य आदि भावनाएँ हैं । इस पर अपने विचार लिखिए ।

**5 Marks Question :**

**1. निम्नलिखित पद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देश के अनुसार लिखिए ।** 5 M

मन में श्रद्धा और प्रेम का अद्भुत दृश्य दिखायेंगे ।
सत्य, अहिंसा, त्याग, समर्पण की बगिया महकायेंगे ।।
जग के सारे क्लेश मिटाकर, धरती को स्वर्ग बनायेंगे ।
विश्वबंधुत्व का मूल मंत्र हम, दुनिया में सरसायेंगे ।।

**प्रश्न :**

अ) भारतवासी कौन सी बगिया महकाना चाहते हैं ? 2 M

आ) भारतवासी मन में कैसा अद्भुत दृश्य दिखायेंगे ? 1 M

A) श्रद्धा और घृणा B) श्रद्धा और प्रेम C) घृणा और प्रेम D) श्रद्धा और द्वेष

इ) भारतवासी धरती को क्या बनाना चाहते हैं ? 1 M

A) नरक B) शहर C) स्वर्ग D) इनमें से कोई नहीं

ई) प्रस्तुत पद्यांश का प्रतिपाद्य क्या हैं ? 1 M

A) प्रेम B) मानवता C) सत्य D) देशभक्ति

**LEVEL-2 : SHINING STAR**

**8 Marks Question :**

1. ‘हम भारतवासी’ कविता के माध्यम से कवि देश के युवाओं को कौन सा संदेश देना चाहते हैं ?

**5 Marks Questions:**

**1. निम्नलिखित पद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देश के अनुसार लिखिए ।** 5 M

ऊँच-नीच का भेद मिटाकर, दिल में प्यार बरसायेंगे ।
नफ़रत का हम तोड़ कुहासा, अमृतत रस सरसायेंगे ।।
हम निराशा दूर भगाकर, फिर विश्वास जगायेंगे ।
हम भारतवासी दुनिया को पावन धाम बनायेंगे ।।

**प्रश्न :**

अ) भारतवासी दुनयाँ को क्या बनाना चाहते हैं ? 2 M

आ) भारतवासी कुहासा तोड़कर क्या सरसाएंगे ? 1 M

A) अमृत रस B) विष C) पाषाण D) बीज

इ) भारतवासी क्या जगाएंगे ? 1 M

A) क्रोध B) प्रेम C) विश्वास D) अविश्वास

ई) भारतवासी दिल में क्या बसाएंगे ? 1 M

A) करुणा B) द्वेष C) स्नेह D) प्यार

### 4 Marks Questions:

1. ऊँच - नीच का भेद मिटाने के लिए कौन कौन से सकारात्मक कदम उठाना चाहेंगे ?
2. उलझनों से बचे रहने के लिए हमें कैसी सावधानियाँ लेनी चाहिए ?
3. कवि परिचय का अभ्यास करवाइए ।

## शांति की राह में (उपवाचक) (4M)

**LEVEL-1 : RISING STAR**

### 4 Marks Questions:

1. शांति की परिभाषा क्या हो सकती है ? अपने शब्दों में बताइए ।
2. मदर तेरेसा ने अपने जीवन में क्या सिद्‌ध कर दिखाया है ?

**LEVEL-2 : SHINING STAR**

### 4 Marks Questions:

1. नेल्सन मंडेला के जीवन से हमें क्या संदेश मिलता है ?
2. ''प्रार्थना करने वाले होठों से कहीं अच्छे सहायता करने वाले हाथ हैं ।''- वंक्ति का बाव स्पष्ट कीजिए।

## 4. कण-कण का अधिकारी

**[5M + 4M + 1M]**

**LEVEL-1 : RISING STAR**

### 5 Marks Question :

**1. निम्नलिखित पद्‌यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देश के अनुसार लिखिए । 5 M**

एक मनुज संचित करता है, अर्थ पाप के बल से,
और भोगता उसे दूसरा भाग्यवाद के छल से ।
नर समाज का भाग्य एक है, वह श्रम, वह भुजबल है,
जिसके सम्मुख झुकी हुई पृथ्वी, विनीत नभ तल है ।

**प्रश्न :**

अ) मनुज क्या संचित करता है ? 2 M

आ) मनुज किसके बल से धन संचित करता है ? 1 M

A) भाग्य B) पुण्य C) यश D) पाप

इ) नर समाज का भाग्य क्या है ? 1 M

A) पाप और पुण्य B) श्रम और भुजबल
C) आशा और निराशा D) सुख और दुख

ई) यह पद्यांश किस पाठ से दिया गया है ? 1 M

A) बरसते बादल B) हम भारतवासी
C) कण कण का अधिकारी D) भक्ति पद

## 4 Marks Questions:

1. भाग्य और कर्म में आप किस श्रेष्ठ मानते हैं ? क्यों ?
2. कवि मेहनत करने वालों को सदा आगे रखने की बात क्यों कह रहे हैं ?

## 1 Mark Questions :

### 1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए ।

1. <u>मनुज</u> संचित करता है अर्थ पाप के बल से । (रेखांकित शब्द का तद्भव रूप विकल्पों में से पहचान कर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| मनु | मानुज | मनुष्य |

2. श्रमिक के सम्मुख पृथ्वी झकी हुई है । (क्रिया शब्द विकल्पों में से पहचान कर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| सम्मुख | झुकी हुई | पृथ्वी |

3. उन्नीस सौ आठ (दिए गए विकल्पों में से सही संख्या पहचान कर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| 1948 | 1968 | 1908 |

4. नर समाज _____ भाग्य भुजबल है । (विकल्पों में से कारक चिह्न पहचान कर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| की | के | का |

5. कण-कण का अधिकारी <u>जन</u> है । (रेखांकित शब्द का पर्यायवाची शब्द विकल्पों में से पहचान कर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| प्रजा | सेना | जान |

6. श्रमिक को <u>सुख</u> पाने दो । (रेखांकित शब्द का विलोम शब्द विकल्पों में से पहचान कर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| दुःख | असुख | संतुष्टि |

7. मनुष्य <u>भुजबल</u> पर विश्वास रेखते हैं। (रेखांकित शब्द का समास विकल्पों में से पहचान कर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| द्वंद्व समास | तत्पुरुष समास | द्विगु समास |

8. <u>पर्यावरण</u> हमारा रक्षा कवच है । (रेखांकित शब्द का संधि विच्छेद विकल्पों में से पहचान कर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| पर + अवरण | परि + आवरण | पर्या + आवरण |

**LEVEL-2 : SHINING STAR**

## 5 Marks Question :

**1. निम्नलिखित पद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देश के अनुसार लिखिए ।** 5 M

जिसने श्रम जल दिया उसे पीछे मत रह जाने दो,
विजीत प्रकृति से पहले उसको सुख पाने दो ।
जो कुछ न्यस्त प्रकृति में है, वह मनुज मात्र का धन है,
धर्मराज! उसके कण कण का अधिकारी जन जन है ।

**प्रश्न :**

अ) कवि किसे पीछे मत रहने देने को कह रहे हैं ? 2 M

आ) मानव का धन कहाँ पर है ? 1 M

A) सागर में B) प्रकृति में C) घर पर D) बैंक में

इ) कण कण का अधिकारी कौन है ? 1 M

A) जन जन B) धन धन C) धनवान D) राणा

ई) इस पद्यॉंश में किसको संबोधित किया गया है ? 1 M

A) अर्जुन B) धर्मराज C) श्रमिक D) अधिकारी

## 4 Marks Questions:

1. भाग्य और कर्म में आप किसे श्रेष्ठ मानते हैं ? क्यों ?
2. कवि मेहनत करने वालों को सदा आगे रखने की बात क्यों कह रहे हैं ?
3. कवि परिचय का अभ्यास करवाइए ।

# 5. लोकगीत

**[8M + 5M + 4M + 1M]**

**LEVEL-1 : RISING STAR**

## 8 Marks Question :

1. देहाती जनता के मनोरंजन साधन लोकगीत है । स्पष्ट कीजिए ?

## 5 Marks Questions:

**1. निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देश के अनुसार लिखिए ।** 5 M

लोकगीत अपनी लोच, ताजगी और लोकप्रियता में शास्त्रीय संगीत से भिन्न है । लोकगीत सीधे जनता के संगीत है । घर गांव और नगर की जनता के गीत है । इन के लिए साधना की जरूरत नहीं होती । ये गीत बाजों की मदद के बिना ही साधारण ढोलक, झांझ करताल, बांसुरी आदि की मदद से गए जाते हैं ।

**प्रश्न :**

अ) लोकगीत अपनी लोच और ताजगी में किससे भिन्न हैं ? 2 M

आ) लोकगीत किसके संगीत है ? 1 M

A) जनता B) मेले C) समूह D) संघटन

इ) लोकगीतों के लिए किसकी जरूरत नहीं होती ? 1 M

A) गुरू B) विद्‌यार्थी C) प्रेरणा D) साधना

ई) लोकगीत गाने मे इनकी सहायता नहीं लेते है ? 1 M

A) बाजों B) झांझ C) ढोलक D) जोंसुरी

## 4 Marks Question :

1. लोकगीत और शास्त्रीय संगीत में क्या अंतर है ?

## 1 Mark Questions:

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए ।**

1. पूरब की बोलियों में विद्‌यापति के गीत गाये जाते हैं । (रेखांकित शब्द का तद्‌भव रूप विकल्पों में से पहचान कर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| पर्व | पूर्व | पर्वत |

2. आल्हा गीत बुंदेलखंडी में गाते हैं । (वाक्य में क्रिया शब्द विकल्पों में से पहचान कर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| आल्हा | गीत | गाते |

3. उन्नीस सौ दस (हिंदी अक्षरों को पढ़कर संख्याओं को विकल्पों में से पहचान कर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| 1900 | 1910 | 1905 |

4. स्त्रियाँ ढोलक _____ गाती है । ठोलक मदद से गाती है । (सही कारक चिह्न को विकल्पों में से पहचान कर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| का | की | में |

5. लोकगीत बाजों की मदद के बिना साधारण उपकरणो से गाये जाते हैं । (रेखांकित शब्द का सही पर्यायवाची विकल्पों में से पहचान कर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| सहायता | तिरस्कार | प्रेम |

6. देहाती गीतों में रोजमर्रा के विषय निहत हैं । (रेखांकित शब्द का विलोम शब्द विकल्पों में से पहचान कर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| हमेशा | कभी - कभी | सदा |

7. आदिवासी गीतों को स्त्री - पुरुष मिलकर गाते हैं । (वाक्य में रेखांकित शब्द का समास विकल्पों में से पहचान कर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| द्वंद्व समास | द्विगु समास | तत्पुरुष समास |

8. स्त्रियाँ उल्लास के साथ लोकगीत गाती हैं । (रेखांकित शब्द का संधि विच्छेद विकल्पों में से पहचान कर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| उन + लास | उत् + लास | उनम + लास |

**LEVEL-2 : SHINING STAR**

## 8 Marks Questions:

1. लोकगीतों के विभिन्न प्रकारों के बारे में बताते हुए लोकगीतों की महानता का वर्णन कीजिए ।
2. लोकगीतों में मुख्यतः ग्रामीण जनता की मार्मिक भावनाएँ है, इसे सिद्ध कीजिए ।

## 5 Marks Question :

**1. निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देश के अनुसार लिखिए । 5 M**

वास्तविक लोकगीत देश के गाँव और देहातों में है । इनका संबंध देहात की जनता से हैं । बाउल और बतियाल बंगाल के लोकगीत हैं । पंजाब में माहिया आदि इसी प्रकार के हैं । हीर-रांझा, सोहनी महीवाल संबंधी गीत पंजाबी में और ढोला मारू आदि के गीत राजस्थानी में बड़े चाव से गाए जाते हैं।

**प्रश्न :**

अ) वास्तविक लोकगीत कहाँ पर स्थित हैं ? 2 M

आ) माहिया किस प्रांत का लोकगीत है ? 1 M

A) बंगाल B) राजस्थान C) पंजाब D) उत्तर प्रदेश

इ) राजस्थान में चाव से ये लोकगीत गाये जाते है ? 1 M

A) ढोला मारू B) बाउल C) बतियाल D) हीरा रांझा

ई) देहात की जनता का संबंध किन गीतों से होता है ? 1 M

A) सिनेमा B) लोकगीत C) सावन D) ललित

## 4 Marks Questions :

1. आल्हा गीतों के बारे में आप क्या जानते हैं ?
2. 'बिदेशिया लोकगीत' के बारे में बताइए ।
3. लेखक परिचय का अभ्यास करवाइए ।

# 6. अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हिन्दी

**[5M + 4M + 1M = 10M]**

**LEVEL-1 : RISING STAR**

## 5 Marks Question :

**1. निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देश के अनुसार लिखिए ।** 5 M

हम जान चुके हैं कि आज राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हिंदी का महत्वपूर्ण स्थान है । हम इससे अपने उज्ज्वल भविष्य का निर्माण कर सकते हैं । इसलिए आगे की पढ़ाई के लिए प्रथम भाषा हो या द्विवितीय भाषा, हिंदी का चयन करना ही लाभदायक है ।

**प्रश्न :**

अ) अनुच्छेद में किस भाषा के बारे में बताया गया ? 2 M

आ) अनुच्छेद के अनुसार उज्ज्वल भविष्य का निर्माण किससे कर सकते है ? 1 M

A) हिंदी B) तेलुगु C) अंग्रेजी D) तमिल

इ) आज हिंदी का महत्वपूर्ण स्थान किस स्तर पर हैं ? 1 M

A) अंतरराज्य B) राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय

C) स्थानीय D) जिला स्तरीय

ई) प्रस्तुक गद्यांश किस पाठ से दिया गया है ? 1 M

A) जल ही जीवन है B) स्वराज्य की नींव C) ईदगाह D) अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हिंदी

## 4 Marks Question :

1. भारत में अनेकता में एकता का प्रतीक हिंदी है । कैसे ?

## 1 Mark Questions:

### 1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए ।

1. हिंदी भारतीयों की साँसों में बसी भाषा है । (रेखांकित शब्द का तत्सम रूप विकल्पों में से पहचान कर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| श्वास | स्वाश | शेष |

2. भारत के अलग-अलग प्रांतों में अलग-अलग भाषा बोली जाती है । (वाक्य में क्रिया शब्द विकल्पों में से पहचान कर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| भारत | प्रांत | बोली जाती |

3. उन्नीस सौ उनचास (हिंदी अक्षरों को पढ़कर संख्याओं को विकल्पों में से पहचान कर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| 1957 | 1947 | 1949 |

4. देश को एकता ......... सूत्र में बाँधने के लिए हिंदी की आवश्यकता है । (विकल्पों में से कारक चिह्न पहचान कर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| का | के | की |

5. हमें हिंदी सीखने का संकल्प लेना है । (रेखांकित शब्द का पर्याय शब्द विकल्पों में से पहचान कर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| निर्याण | सलाह | इच्छा |

6. भारत की एकता सारे विश्व के लिये आदर्श है । (रेखांकित शब्द का विलोम शब्द विकल्पों में से पहचान कर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| वीरता | अनेकता | विवेकता |

7. भारत की राजभाषा हिंदी है । (रेखांकित शब्द का समास विकल्पों में से पहचान कर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| द्वंद्व समास | द्विगु समास | तत्पुरुष समास |

8. भारतीय संविधान ने हिंदी को राजभाषा के रूप में गौरवान्वित किया । (रेखांकित शब्द का संधि विच्छेद विकल्पों में से पहचान कर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| गौरव + अन्वित | गौरव + आन्वित | गौरवं + इत |

LEVEL-2 : SHINING STAR

## 5 Marks Question :

**1. निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देश के अनुसार लिखिए ।** **5 M**

हिंदी अपने शाब्दिक अर्थ से भी भारतीय कहलाती है । इसलिए देश के वर्तमान और भविष्य को ध्यान में रखकर भारतीय संविधान ने अनुच्छेद 343(1) के तहत हिंदी को 14 सितंबर 1949 को, राजभाषा के रूप में गौरवान्वित किया । तब से हम हर वर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाते हैं ।

**प्रश्न :**

अ) हिंदी दिवस कब मनाया जाता है ? 2 M

आ) भारतीय संविधान ने किसे ध्यान में रखकर हिंदी को राजभाषा के रूप में गौरव दिया ? 1 M

A) वर्तमान और भविष्य B) वर्तमान और भूतकाल

C) भूत और भविष्य D) भविष्य

इ) संविधान के किस अनुच्छेद में राज्य भाषा का प्रस्ताव है ? 1 M

A) 343(1) B) 342 C) 345 D) 333(1)

ई) हिंदी अपने शाब्दिक अर्थ से क्या कहलाता है ? 1 M

A) भारतीय B) हिन्दुस्तान C) अमेरिकन D) जपानी

## 4 Marks Question :

1. अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हिंदी का क्या योगदान है, अपने विचार प्रकट कीजिए ।

# दो कलाकार (उपवाचक) (5M)

LEVEL-1 : RISING STAR & LEVEL-2 : SHINING STAR

## 5 Marks Questions:

**1. निम्नलिखित पद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देश के अनुसार लिखिए ।** **5 M**

तीन दिनों से मूसलाधार वर्षा हो रही थी । रोज अखबारों में बाढ़ की खबर आती थी । बाढ़ पीड़ितों की दशा बिगड़ती जा रही थी और वर्षा थी कि तमने का नाम नहीं लेती । अरुणा सारा दिन चंदा इकट्ठा करने में व्यस्त रहती थी ।

**प्रश्न :**

अ) मूसलाधार वर्षा कितने दिनों से हो रही थी ? 2 M

आ) बाढ़ की खबरें किसमें आ रही थी ? 1 M

A) अखबारों B) दूरदर्शन C) चरवाणी D) नभवानी

इ) चंदा इकट्ठा करने में कौन व्यस्त थी ? 1 M

A) अरुण B) अरुणा C) चित्र D) चित्रा

ई) बाढ़ पीड़ितों की दशा क्या होती जा रही थी ? 1 M

A) सुधारती B) बिगड़ती C) अस्त - व्यस्त D) कुचल

**2. निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देश के अनुसार लिखिए । 5 M**

"ए रूनी. उठ ।" और चादर खींचकर चित्रा ने सोती हुई अरुणा को झकझोर कर उठा "दिया ।" अरे! क्या है ?" आँखें मलते हुए तनिक खिझलाहट भरे स्वर में अरुणा ने पूछा । चित्रा उसका हाथ पकड़कर खींचती हुई ले गयी और बोली, "देख, मेरा चित्र पूरा हो गया ।"

**प्रश्न :**

1. अरुणा क्या कर रही थी ? 2 M
2. "ए रूनी. उठ ।" कहकर किसने अरुणा को जगाया ? 1 M

   A) माँ ने B) चित्रा ने C) पिताजी ने D) सहेली ने
3. अरुणा नींद से उठकर सबसे पहले क्या पूछा ? 1 M

   A) कौन आया है ? B) अरे क्या है ? C) कितने बजे है ? D) कहाँ चलना है ?
4. यह अनुच्छेद किस पाठ से दिया गया है ? 1 M

   A) शांति की राह में B) दो कलाकार C) जल ही जीवन है D) अनोखा उपाय

# 7. भक्ति पद

**[8M + 4M + 1M]**

**LEVEL-1 : RISING STAR**

## 8 Marks Question :

1. 'मीरा के पदं' का भाव अपने शब्दों में लिखिए ।

## 4 Marks Question :

1. श्रीकृष्ण के प्रति मीरा की भक्ति कैसी थी ?

## 1 Mark Questions:

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए ।**

1. मीरा को राम <u>रतन</u> धन मिला । (रेखांकित शब्द का तत्सम रूप विकल्पों में से पहचान कर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| रातन | रतान | रत्न |

2. सतगुरु ने मीराबाई को बहुमूल्य वस्तु दिया। (वाक्य में क्रिया शब्द विकल्पों में से पहचान कर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| वस्तु | दिया | मीराबाई |

3. पन्द्रह सौ छप्पन (हिंदी अक्षरों को पढ़कर संख्याओं को विकल्पों में से पहचान कर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| 1556 | 1576 | 1956 |

4. बादलों .......... देखकर मोर नाचता है । (वाक्य में विकल्पों में से कारक चिह्न पहचान कर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| के | का | को |

5. मीरा के <u>प्रभु</u> गिरिधर नागर है । (रेखांकित शब्द का सही पर्याय विकल्पों में से पहचान कर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| सेवक | स्वामी | अध्यापक |

6. रैदास भगनान को <u>स्वामी</u> मानते है । (वाक्य में रेखांकित शब्द का विलोम शब्द विकल्पों में से पहचान कर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| सेवक | भगवान | सेविका |

7. रैदास ने अपने पद <u>चौपाई</u> में लिखें । (वाक्य में रेखांकित शब्द का समास विकल्पों में से पहचान कर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| द्वंद्व समास | द्विगु समास | तत्पुरुष समास |

8. मीराबाई <u>कृष्णोपासक</u> कवयित्रियों में श्रेष्ठ है । (वाक्य में रेखांकित शब्द का संधि विच्छेद विकल्पों में से पहचान कर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| कृष्णा + उपासका | कृष्णोप + सक | कृष्ण + उपासक |

**LEVEL-2 : SHINING STAR**

## 8 Marks Questions:

1. भक्तिकाल के सुप्रसिद्ध कृष्णोपासक कवयित्री मीराबाई का परिचय देते हुए, उनके पदों का सारांश अपने शब्दों में लिखिए ।
2. हमारे जीवन में भक्ति का अनमोल महत्व है । 'रैदास के चौपाई के द्वारा' स्पष्ट कीजिए ।

## 4 Marks Questions:

1. रैदास ने ईश्वर की तुलना किनसे की ?
2. रैदास और मीरा की भक्ति भावना में क्या अंतर है स्पष्ट कीजिए ।
3. कवि परिचय का अभ्यास करवाइए ।

# 8. स्वराज्य की नींव

**[8M + 5M + 4M + 1M = 18M]**

**LEVEL-1 : RISING STAR**

## 8 Marks Question :

1. स्वराज्य की नींव एकांकी का सारांश अपने शब्दों में लिखिए ।

## 5 Marks Question :

**1. निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देश के अनुसार लिखिए । 5 M**

लक्ष्मीबाई : मैं निराश नहीं हूँ । मैं जानती हूँ कि मैं झांसी लेकर रहूँगी । लेकिन क्या तुम नहीं जानती कि उस दिन बाबा गंगादास ने मुझ से क्या कहा था ? "जब तक हमारे समाज में छुआछूत और ऊँच-नीच का भेद नहीं मिट जाता, तब तक हम विलास प्रियता को छोड़कर जनसेवक नहीं बन जाते, तब तक स्वराज्य नहीं मिल सकता । वह मिल सकता है केवल सेवा, तपस्या और बलिदान से ।"

**प्रश्न :**

अ) स्वराज्य कैसे मिल सकता है ? 2 M

आ) लक्ष्मीबाई किसे वापस लेना चाहती है ? 1 M

A) ग्वालियर B) झाँसी C) दिल्ली D) कालपी

इ) बाना गंगादास ने समाज में किस भेद-भाव को मिठाने का सुझाव दिया ? 1 M

A) भाषा भेद B) ऊँच-नीच भेद C) जाति भेद D) लिंग भेद

ई) प्रस्तुत गद्यांश के एकांकीकार कौन है ? 1 M

A) विष्णु प्रभाकर B) काका कालेलकर C) श्री प्रकाश D) प्रेमचंद

## 4 Marks Questions :

1. एकांकी के आधार पर बताइए कि स्वराज्य की नींव का तात्वर्य क्या है ?
2. लक्ष्मीबाई ने क्या प्रतिज्ञा की ?

## 1 Mark Questions:

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए ।**

1. राजू और रवि दोनों सच्चे मित्र हैं । (रेखांकित शब्द का तद्‌भव रूप विकल्पों में से पहचान कर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| मीत | मित् | मैत्र |

2. जूही तात्या को अपना स्वामी मानती है । (वाक्य में क्रिया शब्द विकल्पों में से पहचान कर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| मानती है | जूही | अपना |

3. उन्नीस सौ बारह (हिंदी अक्षरों को पढ़कर संख्याओं को विकल्पों में से पहचान कर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| 1900 | 1912 | 1812 |

4. हमारी सेना ......... अनुशासन नहीं है । (वाक्य में सही कारक चिह्न को विकल्पों में से पहचान कर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| से | पर | में |

5. भारत देश में नारी का सम्मान होता है । (रेखांकित शब्द का पर्याय शब्द विकल्पों में से पहचान कर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| नीर | महीला | महिला |

6. शंकाएँ अविश्वास पैदा करेंगी । (वाक्य में रेखांकित शब्द का विलोम शब्द विकल्पों में से पहचान कर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| विश्वास | अपविश्वास | अनविश्वास |

7. आज हमें देशभक्तों की आवश्यकता है । (वाक्य में रेखांकित शब्द का समास विकल्पों में से पहचान कर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| द्वंद्व समास | द्विगु समास | तत्पुरुष समास |

8. मार्ग में हिमालय अड जाता है । (वाक्य में रेखांकित शब्द का संधि विच्छेद विकल्पों में से पहचान कर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| हिम + आलय | हिमा + आलय | हिमा + अलाय |

**LEVEL-2 : SHINING STAR**

## 8 Marks Questions:

1. स्वराज्य प्राप्ति के लिए स्त्रीया नींव का पत्थर बने । विष्णु प्रभाव द्वारा रचित एकांकी के आधार पर अपने विचार व्यक्त कीजिए ।
2. स्वतंत्रता की मशाल को लक्ष्मीबाई ने मृत्य पर्यंत बुझने न दिया । विष्णु प्रभाकर कृत एकांकी के आधार पर इस कथन को स्पष्ट कीजिए ।

## 5 Marks Question :

**1. निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देश के अनुसार लिखिए ।** 5 M

जूही : लेकिन महारानी, उन्होंने वह भी तो कहा था कि स्वराज्य प्राप्ति से बढ़कर स्वराज्य की स्थापना के लिए भूमि तैयार करना, स्वराज्य की नींव का पत्थर बनना । सफलता और असफलता देव के हाथ में है । लेकिन नींव के पत्थर बनने से हमें कौन रोक सकता है वह हमारा अधिकार है ।

**प्रश्न :**

अ) स्वराज्य प्राप्ति से बढ़कर क्या है ? 2 M

आ) सफलता और असफलता किसके हाथ में हैं ? 1 M

A) देव B) दानव C) दक्ष D) दनुज

इ) महारानी कौन है ? 1 M

A) जूही B) लक्ष्मीबाई C) मुन्दर D) समुंदर

ई) यह अनुच्छेद किस पाठ से दिया गया ? 1 M

A) स्वराज्य की नींव B) दक्षिणी गंगा गोदावरी

C) ईदगाह D) लोकगीत

## 4 Marks Questions:

1. महारानी लक्ष्मीबाई का कौन सा कथन तुम्हें अच्छा लगा ?
2. रानी लक्ष्मीबाई की निराशा के कारण क्या थे ?
2. लेखक परिचय का अभ्यास करवाइए ।

# 9. दक्षिणी गंगा गोदावरी

**[5M + 4M + 1M = 10M]**

**LEVEL-1 : RISING STAR**

## 5 Marks Question :

**1. निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देश के अनुसार लिखिए ।** 5 M

पुल पर से गुजरते समय दाएँ देखे या बायें, हम इसी उधेड़-बुन में थे । पुल आ गया और भागमती गोदावरी का अत्यंत विशाल पाठ दिखाई पड़ा । मैंने गंगा, सिंधु, सोनभद्र, एरावती जैसी महा नदियों के विशाल प्रवाह भरकर देखे हैं । विजयवाड़ा में कृष्ण माता के दर्शन पर मैं गर्व करता रहूँगा । लेकिन राजमहेंद्री के आगे गोदावरी की शान शौकत कुछ निराली ही हैं ।

**प्रश्न :**

अ) गोदावरी नदी के शान शौकत किस प्रांत में निराली लगती है ? 2 M

आ) लेखक को अपनी यात्रा में किस नदी का विशाल पाठ दिखाई दिया ? 1 M

A) गोदावरी नदी B) गंगा नदी C) सिंधु नदी D) ऐरावती नदी

इ) लेखक ने कृष्णा नदी का दर्शन किस प्रांत में किया ? 1 M

A) राजमहेंद्री B) सूरत C) विजयवाड़ा D) हैदराबाद

ई) लेखक ने विशाल प्रवाह किसमें देखा ? 1 M

A) सागर B) नदियों C) तालाब D) झरने

## 4 Marks Question :

1. गोदावरी नदी की टापुओं की क्या विशेषताएँ हो सकती हैं ?

## 1 Mark Questions:

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए।**

1. तिरुपति एक प्रसिद्ध तीर्थ स्थल है। (रेखांकित शब्द का तद्भव रूप विकल्पों में से पहचान कर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| तीरथ | तिरथ | तरथ |

2. चंचल कमलों के बीच बहुले खामोश खड़े हुए। (क्रिया शब्द विकल्पों में से पहचान कर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| कमल | बगुले | खड़े हुए |

3. उन्नीस सौ इक्यानबे (संख्या का अक्षर चिह्न विकल्पों में से पहचान कर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| 1990 | 1991 | 1919 |

4. बादलों ....... रंग साँवला है। (वाक्य में सही कारक चिह्न को विकल्पों में से पहचान कर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| का | के | की |

5. सरित्पति में सरिता मिलती है। (रेखांकित शब्द का पर्याय शब्द विकल्पों में से पहचान कर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| नदी | नाला | तालाब |

6. मानव जन्म दुर्लभ से मिलता है। (रेखांकित शब्द का विलोम शब्द विकल्पों में से पहचान कर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| आसान | सुलभ | दुर्बल |

7. गंगाजल को पवित्रता का प्रतकि माना जाता है। (वाक्यमें रेखांकित शब्द का समास विकल्पों में से पहचान कर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| द्विगु समास | द्वंद्व समास | तत्पुरुष समास |

8. नदी के पानी में उन्माद था। (रेखांकित शब्द का संधि विच्छेद रूप विकल्पों में से पहचान कर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| उन + माद | उत् + माद | उ + माद |

**LEVEL-2 : SHINING STAR**

## 5 Marks Question :

**1. निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देश के अनुसार लिखिए।** 5 M

पुल पर गाड़ी अच्छी तरह चलने के बाद मुझे ख्याल आया की पूर्व की तरफ देखना तो छूट ही गया। हमने इस तरफ घूम कर देखा तो निराली और रौनक नज़र आई। पश्चिम की तरफ गोदावरी जितनी चौड़ी थी, उससे भी ज्यादा पूर्व में थी। उसे कई मार्गों से और उत्तेजित होकर समुद्र में मिलना था।

**प्रश्न :**

अ) लेखक को क्या ख्याल आया ? 2 M

आ) गोदावरी नदी कहाँ जाकर मिलती है ? 1 M

A) रेगिस्तान में B) समुद्र में C) तालाब में D) नहर में

इ) पश्चिम की ओर गोदावरी नदी कैसी थी ? 1 M

A) लंबा B) चौड़ी C) गहरी D) विशाल

ई) लेखक ने किस ओर देखना भूल गया ? 1 M

A) पूरब की ओर B) पश्चिम की ओर C) दक्षिण की ओर D) उत्तर की ओर

**4 Marks Questions:**

1. लेखक ने ऐसा क्यों कहा होगा कि राजमहेंद्री के आग गोदावरी की शान शौकत निराली है ?
2. आंध्र को अन्नपूर्णा एवं भारत का धान्यागार कहलाने में नदियों का योगदान रहा इसके बारे में संक्षेप में लिखिए ।
3. लेखक परिचय का अभ्यास करवाइए ।

## अपने स्कूल को एक उपहार (उपवाचक) (4M)

**LEVEL-1 : RISING STAR**

**4 Marks Question :**

1. राजू को उसका पुराना स्कूल कैसा लगता था ?

**LEVEL-2 : SHINING STAR**

**4 Marks Questions:**

1. राजू के प्रति नए स्कूल के साथियों का व्यवहार कैसा था ?
2. राजू ने अपने स्कल को किस तरह उपहार समर्पित किया ?

## 10. नीति दोहे

**[5M + 4M + 1M = 10M]**

**LEVEL-1 : RISING STAR & LEVEL-2 : SHINING STAR**

**5 Marks Questions:**

**संकेत के आधार पर कवि के बारेमें पाँच वाक्य लिखिए ।** 5 M

1. **रहीम :-**

i. जीवन काल 1556 - 1626

ii. पिता बैरम खाँ

iii. संस्कृत, अरबी, फारसी

iv. रहीम सतसई, बरवै नायिका भेद

v. मित्र, प्रधान सेनापति और मंत्री

2. **बिहारी :-**
   i. रीतिकाल
   ii. जीवन काल 1595 - 1663
   iii. दोहे नीतिपरक
   iv. गागर में सागर
   v. बिहारी सतसई

## 4 Marks Questions:

**रहीम के दोहे :-**

कह रहीम संपति सगे, बनत बहुत बहु रीत ।
बिपति कसौटी जे कसे, तेई साँचे मीत ।।
रहिमन पानी राखिए, बिन पानी सब सून ।
पानी गये न ऊबरै, मोती मानुष चून ।।

**बिहारी के दोहे :-**

कनक कनक तै सौ गुनी मादकता अधिकाइ ।
अहि खाए बौराइ जग, इहि पाए बौराइ ।।
नर की अरु नल नीर की, गति एकै कर जोड़ ।
जेतौ नीचौ हवै चलै, तोतौ ऊँचौ होइ ।।
कवि परिचयों का अभ्यास कखाइए ।

## 1 Mark Questions:

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए ।**

1. रहीम ने मनुष्य को गौरव से रहने का सुझाव दिया । (रेखांकित शब्द का तद्भव रूप विकल्पों में से पहचान कर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| मोषी | मानुष | मोक्ष |

2. पानी के बिना जीवित नही रह सकते । (वाक्य में क्रिया शब्द विकल्पों में से पहचान कर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| पानी | जीवित | रह सकना |

3. सोलह सौ तिरसठ (हिंदी अक्षरों को पढ़कर संख्याओं को विकल्पों में से पहचान कर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| 1675 | 1667 | 1663 |

4. कनक ....... सौ गुनी मादकता बौराई में होता है । (सही कारक चिह्न को विकल्पों में से पहचान कर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| का | की | से |

5. विपत्ति में साथ रहन वाला ही सच्चा मित्र है। (रेखांकित शब्द का पर्याय शब्द विकल्पों में से पहचान कर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| संकट | लाभ | साथ |

6. संक में साथ देने वाला ही सच्चा मित्र है। (रेखांकित शब्द का विलोम शब्द विकल्पों में से पहचान कर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| परिवार जन | बंधु | शत्रु |

7. रहीम अकबर के सेनापति थे। (रेखांकित शब्द का समास विकल्पों में से पहचान कर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| द्वंद्व समास | द्विगु समास | तत्पुरुष समास |

8. सज्जन ने अच्छी सलाह दी। (रेखांकित शब्द का संधि विच्छेद रूप विकल्पों में से पहचान कर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| सत् + जन | सज + जन | सता + जान |

# 11. जल ही जीवन है

**[5M + 4M + 1M = 10M]**

**LEVEL-1 : RISING STAR**

## 5 Marks Questions:

**1. निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देश के अनुसार लिखिए।** 5 M

यान को देखते ही प्रो. दीपेश के होश उड़ गये और दौड़े दौड़े अपने कमरे में चले गये। उन्होंने अपने मित्र प्रो. विकास को फोन किया और अपने घर बुलाकर सारी बात बतायी कि शायद वह अंतरिक्ष यान दुवारा इस रास्ते से गुजरे। प्रो. विकास अगली शाम को प्रो. दीपेश के साथ उनके ही बाग में बैठकर प्रतीक्षा कर रहे थे। उनका इंदज़ार करना व्यर्थ नहीं गया।

**प्रश्न :**

अ) प्रो. दीपेश और प्रो. विकास किसके बारे में बातें कर रहे थे ? 2 M

आ) प्रों. विकास और प्रो. दीपेश कहाँ बैठे थे ? 1 M

A) बाग में B) कमरे में C) छत पर D) सोफा पर

इ) प्रो. विकास और प्रो. दीपेश किसकी प्रतीक्षा कर रहे थे ? 1 M

A) रॉकेट की B) हवाई जहाज की C) अंतरिक्ष यान की D) रेल की

ई) यान को देखते ही किसके होश उड गए ? 1 M

A) प्रो. विकास B) प्रो. दीपेश C) प्रो. अमर D) प्रो. दीपक

## 4 Marks Question :

1. पेय जल की समस्या को सुलझाने के लिए कुछ उपाय लिखिए ।

## 1 Mark Questions :

### 1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए ।

1. अंतरिक्ष यात्री जल चुराकर ले जा रहे थे । (रेखांकित शब्द का तद्भव रूप विकल्पों में से पहचान कर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| जाल | पानी | द्रव |

2. महामारी से लोग मरने लगे है । (दिए गए विकल्पों में से सही क्रिया पहचान कर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| मरने | महामारी | लोग |

3. दो हजबीस बीस । (दिए गए विकल्पों में से सही संख्या का पहचान कर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| 2222 | 2021 | 2022 |

4. यह यान कहाँ ........ आया । (वाक्य में सही कारक चिह्न को विकल्पों में से पहचान कर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| को | से | को |

5. प्रोफेसर दीपेश की नज़र तारे पर पड़ी । (रेखांकित शब्द का पर्याय शब्द विकल्पों में से पहचान कर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| दृष्टि | आंखें | नज़ारा |

6. हम अपने ग्रह का पानी शुद्ध कर रहे हैं । (रेखांकित शब्द का विलोम शब्द विकल्पों में से पहचान कर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| अपवित्र | निशुद्ध | अशुद्ध |

7. लोग सुख - चैन से रह रहे थे । (वाक्य में रेखांकित शब्द का समास विकल्पों में से पहचान कर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| द्वंद्व समास | तत्पुरुष समास | बहुव्रीहि समास |

8. पर्यावरण की समस्या को लग-भग हल कर लिया गया । (रेखांकित शब्द का संधि विच्छेद रूप विकल्पों में से पहचान कर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| परी + आवरण | परि + आवरण | परा + आवरण |

LEVEL-2 : SHINING STAR

## 5 Marks Question :

1. **निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देश के अनुसार लिखिए ।** 5 M

हम लोग इस ग्रह से एक प्रकाश वर्ष दूर के एक ग्रह के वासी हैं । हमारे ग्रह के जल में एक विशेष प्रकार के विषाधुओं के मिल जाने के कारण वह जरहीला हो गया है । उसके उपयोग से हमारे ग्रह पर महामारी फैल गई है । हमने त उन विषाणुओं को नष्ट कर दिया है, परत जल को विषहीन बनाने में समय लगेगा । पानी के अभाव में हमारे लोग मर रहे थे ।

**प्रश्न :**

अ) अंतरिक्षवासी नील ग्राह से कितनी दूर पर हैं ? 2 M

आ) अंतरिक्षवासियों के जल में क्या मिल गया ? 1 M

A) रंग B) रेत C) कचरा D) विषाणु

इ) अंतरिक्षवासियों के ग्रह पर क्या फैल गयी ? 1 M

A) महामारी B) गंदगी C) कचरा D) हैजा

ई) पानी के अभाव में कौन मर रहे थे ? 1 M

A) लोग B) नेता C) पंथी D) पशु

## 4 Marks Questions:

1. जल सोतों के रख-रखाव के बारे में आप क्या सुझाव देना चाहेंगे ?
2. जल चोर कहाँ से आये और क्यों ?
3. लेखक परिचय का अभ्यास करवाइए ।

# 12. धरती के सवाल अंतरिक्ष के जवाब

[8M + 5M + 4M + 1M = 18M]

LEVEL-1 : RISING STAR

## 8 Marks Question :

1. अच्छे नागरिक बनने के लिए कौन से गुण होने चाहिए ?

## 5 Marks Question :

1. **निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देश के अनुसार लिखिए ।** 5 M

तमिलनाडु के रामेश्वरम की गलियों में समाचार पत्र बेचने वाला एक निर्धन बालक एक दिन सुप्रसिद्ध वैज्ञानिक तथा भारत का राष्ट्रपति बनेगा, ऐसा किसी ने सपने में भी नहीं सोचा था । किंतु उस ग़रीब बालक ने अपनी प्रतिभा, परिश्रम और लगन से यह सिद्ध कर दिखाया कि मनुष्य के लिए विश्व में कुछ भी असंभव नहीं है ।

**प्रश्न :**

अ) बालक ने क्या सिद्ध करके दिखाया ? 2 M

आ) बालक बचपन में क्या बेचता था ? 1 M

A) समाचार पत्र B) चाय C) फूल D) फल

इ) रामेश्वरम किस राज्य में है ? 1 M

A) कर्नाटक B) तमिलनाडु C) आंध्र प्रदेश D) केरल

ई) उपर्युक्त अनुच्छेद किस पाठ से दिया गया है ? 1 M

A) लोकगीत B) स्वराज्य की नींव

C) जल ही जीवन है D) धरती के सवाल - अंतरिक्ष के जवाब

## 4 Marks Question :

1. टेसी थॉमस ने बच्चों के लिए कौन-सा संदेश दिया है ?

## 1 Mark Questions:

### 1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए ।

1. देश की सुरक्षा का कार्य अत्यंत महान हैं। (रेखांकित शब्द का तद्भव रूप विकल्पों में से पहचान कर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| कार्य | काज | कारया |

2. विद्या से ज्ञान मिलता है । (वाक्य में क्रिया शब्द विकल्पों में से पहचान कर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| विद्या | ज्ञान | मिलता |

3. उन्नीस सौ इकतीस (हिंदी अक्षरों को पढ़कर संख्याओं को विकल्पों में से पहचान कर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| 1930 | 1932 | 1931 |

4. सभी ........ मस्तिष्क में एक ही नाम गूंजता है । (वाक्य में सही कारक चिहृन को विकल्पों में से पहचान कर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| के | का | को |

5. आजकल शिक्षा प्रणाली में कई परिवर्तन आए हैं । (रेखांकित शब्द का पर्याय शब्द विकल्पों में से पहचान कर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| कक्षा | विद्या | विनय |

6. देश भर में एकता होनी चाहिए। (वाक्य में रेखांकित शब्द का विलोम शब्द विकल्पों में से पहचान कर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| न एकता | समानता | अनेकता |

7. भारत में 50% से भी अधिक युवशक्ति है । (वाक्यमें रेखांकित शब्द का समास विकल्पों में से पहचान कर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| द्वंद्व समास | द्विगु समास | तत्पुरुष समास |

8. अब्दुल कलाम एक निर्धन बालक है । (वाक्य में रेखांकित शब्द का संधि विच्छेद विकल्पों में से पहचान कर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| निर + धन | नि + धन | नीर + धन |

**LEVEL-2 : SHINING STAR**

## 8 Marks Questions:

1. अग्निपुत्री टेसी थॉमस के जीवन से बच्चों को किस प्रकार की प्रेरणा मिलती है स्पष्ट कीजिए ।
2. टेसी थॉमस अब्दुल कलाम को अपना आर्श मानती है क्यों ?

## 5 Marks Question :

**1. निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देश के अनुसार लिखिए ।** 5 M

घर में देखा तो पुरस्कारों और सम्मानों का भंडार पड़ा है । किंतु इसमें भी विशेष था 'हाथी वाला स्मारक' उन्हें उनके इंजीनियरिंग की पढ़ाई के समय कॉलेज की ओर से दिया गया है । उनकी शिक्षा - दीक्षा केरल में स्थित अलप्पुझा में हुई । यही पर उनका जन्म हुआ था । रक्षा अनुसंधान और विज्ञान को पुरुषों का क्षेत्र माना जाता था । मगर टेसी थॉमस ने अपनी मेहनत लगन और दृढ़-निश्चय से पुरुष वर्चस्व वाले क्षेत्र में सफलता के नये शिखर तय किए है ।

**प्रश्न :**

अ) रक्षा अनुसंधान और विज्ञान को पहले किसका क्षेत्र माना जाता था ? 2 M

आ) टेसी थॉमस की शिक्षा - दीक्षा कहाँ हुई ? 1 M

A) कर्नाटक

B) तमिलनाड

C) केरल

D) आंध्र प्रदेश

इ) टेसी थॉमस के घर में क्या दिखाई दिया ? 1 M

A) चित्र B) पुरस्कार

C) अनुसंधान D) शिखर

ई) उपर्युक्त अनुच्छेद किस पाठ से दिया गया है ? 1 M

A) लोकगीत B) स्वराज्य की नींव

C) जल ही जीवन म D) धरती के सवाल - अंतरिक्ष के जवाब

## 4 Marks Questions:

1. टेसी थॉमस का जीवन हमें किस तरह प्रेरित करता है ?
2. कलाम के विचार में आदर्श छात्र के गुण क्या है ?

# अनोखा उपाय (उपवाचक) (4M)

**LEVEL-1 : RISING STAR**

## 5 Marks Questions:

